# कृषि मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कर किसानों के लिए जरूरी निर्देश

**एप्पल पॉलिसी**

**सेब नीति किसानों के सुझावों में सम्मिलित किया जाएगा, ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी से कार्य करने निर्देश दिए। ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके।
कृषि मंत्री गणेश जोशी ने परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आउटलेट के कार्यों में तेजी और तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों से एप्पल मिशन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही बताया कि सरकार किसानों, बागवानों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। किसान को उसका अधिक से अधिक लाभ पहुंचे इसपर विशेष ध्यान दिया जाये।
मंत्री ने अधिकारियों को आगामी 11अगस्त को प्रदेशभर के सभी सेब काश्तकारों को देहरादून किसान भवन में एक गोष्ठी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सेब काश्तकारों को एक गोष्ठी के माध्यम से उनके सुझाव को लिया जाएगा और सेब नीति (एप्पल पॉलिसी) किसानों के सुझावों में सम्मिलित किया जाएगा, ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके।
बैठक में उन्होंने कहा कि मंडी किसानों के लाभ के लिए बनाई गई है, लेकिन किसानों की जगह अन्य लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को एक मेकेनिज्म और कोल्ड चैन डेवलप करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को वैन के माध्यम से दो गाड़ियां गढ़वाल और दो गाड़ियां कुमाऊं में लगाने की बात कही ताकि किसान की पैदावार को उचित समय में सही दाम मिल सकें।
मंत्री ने बैठक में औद्यानिक फसलों के ढुलान के लिए रोपवे का निर्माण करने और अधिकारियों को शीघ्र रोपवे का एस्टीमेट तैयार करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को किसानों के हितों के लिए भविष्य में दीर्घकालिक रणनीति बनाने की बात कही। उन्होंने सेब की एमएसपी बढ़ाने पर भी अधिकारियों को पुनरीक्षण करने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर कृषि सचिव दीपेंद्र चौधरी, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, कृषि निदेशक गौरी शंकर, संयुक्त निदेशक कैसी पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पद्मभूषण चंडी प्रसाद ने किया गोपेश्वर महाविद्यालय की पत्रिका का विमोचन



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पर्यावरणविद पद्मभूषण चंडी प्रसाद भट्ट ने गुरुवार को एक सादे समारोह में महाविद्यालय की पत्रिका रुद्राक्ष का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षा संस्थान की वार्षिक पत्रिका उसके छात्रों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का बौद्धिक दर्पण होता है। प्राचार्य प्रो. रचना नौटियाल ने कहा कि पत्रिका का रुद्राक्ष नाम से विमोचित पहला संस्करण विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों एवं शोधपरक लेखों का सुसज्जित है। पत्रिका के प्रधान संपादक डा. दर्शन सिंह नेगी ने कहा कि यह पत्रिका पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों का संयुक्तांक है जिसमें महाविद्यालय की समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियां की आख्या संकलित है एवं यह पत्रिका आने वाले समय में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने का काम करेगी।
इस अवसर पर डॉ. भावना मेहरा, डॉ. विनीता नेगी, डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. जगमोहन नेगी, डॉ. अरविंद भट्ट, डॉ. दिनेश सती आदि मौजूद थे।

## महिला उत्पीड़न प्रकरण पर फूंका पुतला



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून में एक महिला की दुष्कर्म और हत्या के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला दहन किया।
कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या के मामले रोकने में सरकार पूरी तरह विफल हुई है। हाल ही में सेंट्रियो मॉल के पास शहर के बीचोंबीच, मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष के आवास के एकदम पास भी एक महिला से दुष्कर्म और हत्या का मामला आया है। यह पुलिस और सरकार की घोर विफलता है।
इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल,गरिमा दसौनी, महिला महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी सुनील जयसवाल, ललित बद्री मुकीम अहमद महासचिव,अरुण बलूनी सावित्री थापा, अमनदीप सिंह, सूरज छेत्री, भूपेंद्र नेगी, राहुल तलवार, सुनील कुमार नितिन चंचल उदय सिंह रावत, आशीष गुसाईं देवेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## उत्तराखंड में अभी बारिश का क्रम जारी रहेगा : बिक्रम सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मौसम विभाग ने एक बार फिर राज्य में अनवरत बारिश का क्रम जारी रहने की चेतावनी दी है।
मौसम विभाग के 7 अगस्त तक के पूर्वानुमान में पूरे प्रदेश में कहीं कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र से अति तीव्र होने की संभावना बनी हुई है।
मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा है कि भारी बारिश, गर्जन और तीव्र से अति तीव्र दौर के कारण संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन, चट्टान गिरने के कारण सड़कों राजमार्ग में अवरोध, कटाव तथा निचले क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनी रहेगी। उन्होंने शासन प्रशासन से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। प्रदेश के राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मंगलवार को 10377 यात्री चारधाम यात्रा पर पहुंचे। इनमें केदारनाथ में 6211, बद्रीनाथ में 2438, गंगोत्री में 957, यमुनोत्री में 512 तथा हेमकुंड साहिब में 259 यात्री दर्शन करने पहुंचे। आपात कालीन परिचालन केंद्र के अनुसार अब तक क्रमिक रूप से 3642522 यात्री दर्शन को पहुंचे हैं।

## वृद्ध के गायब होने पर गांव वालों ने नदी में डूबने की जताई आशंका



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र की चौकी चीला अंतर्गत एक 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति के नदी में बह जाने की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान प्रारंभ कर दिया है।
लक्ष्मण झूला थाना प्रभारी विनोद गुसाईं ने बताया कि थाना लक्ष्मण झूला ने बताया गया कि अमोला गांव का 60 वर्षीय व्यक्ति जगदीश डबराल निवासी अमोला एक अगस्त से गुम हो गया है, जिसे लेकर गांव के लोगों ने आशंका जताई है कि जगदीश डबराल ताल नदी में बह गया है, जो बीन नदी से होकर गंगा नदी में आती है। इस पर एसडीआरएफ प्रभारी कविंद्र सजवाण के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक जगदीश का कुछ पता नहीं चल सका है।

## तीर्थ नगरी में अवैध शराब, मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध गंगा सेवा रक्षा दल ने कोतवाली में दिया ज्ञापन



**अवैध शराब**

**अवैध नशे के कारोबार की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है जिससे ऋषिकेश की छवि धूमिल हो रही है**

**ऋषिकेश**
ऋषिकेश तीर्थ नगरी में अवैध रूप से बिक रही अवैध शराब वह मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर गंगा सेवा रक्षा दल ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की जाने की मांग की है।
गुरुवार को गंगा सेवा रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में दल के कार्यकताओं द्वारा कोतवाली प्रभारी ऋषिकेश से मुलाकात कर देवभूमि में अवैध नशे की बिक्री पर अंकुश लगाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपकर रोष व्यक्त किया।
इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि देवभूमि धर्म नगरी मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरु के आश्रम का स्थान होने के बाद भी क्षेत्र में खुलेआम अवैध नशे के कारोबार की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है ,जिससे ऋषिकेश की छवि धूमिल देश विदेश में हो रही है।
इस अवसर पर नवीन चौधरी, संजय ध्यानी, मनोज बिजलवान, प्रदीप जख्मोला,इंदरजीत सिंह , दिनेश राणा , राहुल सक्सेना, निशांत उपाध्याय, रंजीत यादव, संजीव रावत, गौरव राजपूत, धीरज, विनय पासवान, आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञानवापी पर न्यायालय के फैसले का अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने किया स्वागत

**ज्ञानवापी विवाद**

**उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा से सर्वे के माध्यम से सच्चाई सामने आएगी और ज्ञानवापी विवाद पर विराम लग जाएगा।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज मंदिर के प्रमुख नरेश पुरी महाराज महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने भेंट कर धर्म और अध्यात्म पर चर्चा की।
रविन्द्र पुरी महाराज ने ज्ञानवापी मामले में प्रयागराज उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि एएसआई के सर्वे की अनुमति देकर न्यायालय ने सत्य तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया है। सर्वे में सत्य सामने आ जाएगा, की कैसे मंदिर को तोड़कर मुगल आक्रांताओं ने मस्जिद का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा से सर्वे के माध्यम से सच्चाई सामने आएगी और ज्ञानवापी विवाद पर विराम लग जाएगा।नरेश पुरी महाराज ने भी न्यायालय द्वारा सर्वे की अनुमति दिए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे विवाद की समाप्ति की ओर बढ़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।
गौरतलब है कि नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में हरिद्वार में अधिमास में प्रतिदिन 11 सौ पार्थिव शिवलिंग का पूजन, अभिषेक व महामृत्युजय का जप चल रहा है। इस दौरान श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी देव है। सनातन में सभी देव हैं, केवल भगवान शिव ही एक मात्र ऐसे देवता है जो महादेव हैं। उन्होंने श्रावण और अधिमास में भगवान शिव की पूजा को कल्याणकारी बताया। उन्होंने कहाकि हरिद्वार वह पुण्य भूमि है जहां सभी देवताओं को आगमन हुआ है। साथ ही यह नगरी भगवान शिव और शक्ति के मिलन और विछोह दोनों का स्थान है।

## बद्रीनाथ पर टिप्पणी करने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद के विरुद्ध दिया ज्ञापन



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी से ऋषिकेश जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने ऋषिकेश कोतवाली में प्रदर्शन कर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बद्रीनाथ धाम मंदिर पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन दिया।
गुरुवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिन्दू आस्था के प्रत्येक भगवान बद्रीनाथ धाम मंदिर पर की गई टिप्पणी पूरी तरह से अशोभनीय है। यह टिप्पणी सपा नेता की ऊंची और तुच्छ राजनीति से प्रेरित है जो भारतीय स्वाभिमान और देश के 100 करोड़ हिन्दू आस्था पर कुठाराघात जैसा दंडनीय अपराध है।
उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि इस प्रकार की टिप्पणी करने वाले नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।
ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, महामंत्री दीपक धमीजा ,जयंत किशोर शर्मा, पंकज शर्मा, पुष्पा ध्यानी, प्रदीप कोहली, सुभाष चंद्र जायसवाल, कपिल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2023-24/TN-14 दिनांक : 02.08.2023

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-13-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | 'मुरादाबाद मंडल के बबराला–मकरौली सेक्शन में यार्ड वाइडिंग की शिफ्टिंग' के संबंध में ओएचई संशोधन। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 18.08.2023, 15.00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | रू. 20,90,317.87 /– (Including GST) |
| बिड सिक्युरिटी राशि (रू) | रू. 41,800 /– |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रू) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in<br>कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

2394/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## वीर बलिदानियों के सम्मान में नौ से 30 अगस्त तक चलाया जाएगा मेरी माटी-मेरा देश अभियान



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी नौ से 30 अगस्त तक वीर बलिदानियों के सम्मान में मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर या जल निकाय किनारे स्मारक पट्टिका की स्थापना, पौधरोपण, वीर शहीदों का वंदन, मिट्टी के साथ पंचप्रण शपथ के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत, विकास खंड एवं शहरी निकायों में मेरी माटी-मेरा देश के तहत समस्त कार्यक्रमों का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करें। स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्कूली बच्चों सहित अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर एक जन आंदोलन के रूप में इसे सफल बनाए। आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए।
मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश वृहद अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत, विकासखंड से लेकर दिल्ली कर्तव्य पथ तक माटी यात्रा निकाली जाएगी। हर ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर यह कार्यक्रम नौ से 15 अगस्त तक की अवधि में आयोजित किए जाएंगे। बड़ी निकायों में 16 से 20 अगस्त तक और नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आगामी 27 से 30 अगस्त तक कार्यक्रम का किया जाएगा,
जिसमें प्रत्येक राज्य से लाई गई मिट्टी से वीर बलिदानियों की स्मृति में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।
मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर, किसी अन्य जल निकाय के किनारे, पंचायत कार्यालय, स्कूल, खेल मैदान या अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर स्थानीय संसाधनों से स्मारक पट्टिका की स्थापना की जाएगी। इस पट्टिका पर आजादी का अमृत महोत्सव का लोगों, प्रधानमंत्री का विजन-2047 का उद्धरण, स्थानीय वीरों के नाम, ग्राम पंचायत का नाम एवं तिथि लिखी जाएगी। जिन ग्राम पंचायतों में स्थानीय वीर उपलब्ध न हों, ऐसी पंचायतों में सामान्य समर्पण को स्मारक पट्टिका पर अंकित किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में मिट्टी या मिट्टी का दीया लेकर पंचप्रण शपथ ली जाएगी। वसुधा वंदना के तहत ग्राम पंचायतों में अमृत वाटिका बनाते हुए पौधों का रोपण किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना सं0 35/2023 दिनांक :- 03.08.2023

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 चौथी कॉल ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के हरदोई (HRI) स्टेशन का उन्नयन। | 13123384.02 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 215600.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 25.08.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2. | 21/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 चौथी कॉल ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर (SPN) स्टेशन का उन्नयन। | 13154917.99 (जीएसटी सहित) | | 215800.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 25.08.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |

2399/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विधानसभा अध्यक्ष ने राजकीय उद्यान की चारदीवारी का किया लोकार्पण



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा कोटद्वार के गास्टन गंज स्थित राजकीय उद्यान खाम गार्डन में 55 लाख की लागत से निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने किया। विस अध्यक्ष ने राजकीय उद्यान खान गार्डन में पौधरोपण किया और गार्डन में शतायु मातृ वृक्ष वर्ष 1906 में रोपित वृक्ष का अवलोकन किया।
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने कहा कि राजकीय उद्यान गार्डन को जनता से जोड़ा जाना चाहिए। इससे लोगों को प्राकृतिक सुंदरता का आनंद मिलेगा और वे अपने आस-पास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनेंगे। ऐसे गार्डन्स लोगों के आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग को जनता के बीच जाना चाहिए और जैविक खेती, जैविक खाद के बारे में जनता को जानकारी देनी चाहिए और लोगों को खेती करने के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा की इससे हम अपने भविष्य की सुरक्षा कर सकते हैं और पृथ्वी को स्वस्थ रखने में योगदान कर सकते हैं। इसलिए जैविक खेती को अपनाने का समय आ गया है।
इस अवसर पर उद्यान विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह,एसडीएम मनजीत सिंह,संजीव कुमार,दिनेश कुमार,अभिनव दीक्षित,पंकज भाटिया,दीपक पोखरियाल,सुरेंद्र आर्य,सौरभ नौडियाल,कमल नेगी उपस्थित थे।

# राज्यपाल से मिले उच्च शिक्षा मंत्री



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उच्च शिक्षा के कुलाधिपति राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से गुरुवार को राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस अवसर पर कुलाधिपति राज्यपाल को उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं से अवगत कराया और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यक्ति पर प्राणघातक हमला, नहर पटरी पर मिला अचेत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद थाना क्षेत्र स्थित रिसर्च कॉलोनी नहर पटरी पर एक व्यक्ति खून से लथपथ मिला। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस को घटना स्थल से एक चाकू बरामद हुआ है। व्यक्ति पर चाकू से वार किया गया है या अन्य किसी हथियार से इसकी जांच की जा रही है।
बताया गया कि घायल 50 वर्षीय अनवर निवासी दादूपुर गोविंदपुर कोतवाली रानीपुर का घायल अवस्था में बहादराबाद थाना क्षेत्र के नहर पटरी पर मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल की पत्नी भी अस्पताल पहुंच गयी थी। उसने अपने दामाद मुजफ्फर नगर यूपी निवासी पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।
आरोप है कि काफी समय से दामाद से रंजिश चली आ रही है। उसने पहले भी कई बार उसके पति के ऊपर घातक हमले किए हैं। पुलिस ने बताया कि घायल युवक बहादराबाद इंडस्ट्रियल एरिया के एक कंपनी में कार्यरत है। युवक का इलाज चल रहा है। घायल के परिजनों की ओर से अभी शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तराखंड : उप्र के सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हरिद्वार सीजीएम कोर्ट में वाद दायर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम को लेकर उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को लेकर अधिवक्ता अरुण भदौरिया ने आज सीजीएम कोर्ट में उनके खिलाफ वाद दायर किया है।
अधिवक्ता भदौरिया ने बद्रीनाथ धाम के बारे में बताया कि आज भी बद्रीनाथ धाम में 6 महीने इंसान और 6 महीने देवता भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। सर्दी काल में जब 6 महीने के लिए मंदिर बंद हो जाते हैं और जब कपाट खुलते हैं तो आज भी 6 महीने लगातार ज्योत जलती हुई मिलती है। इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम में सतयुग और त्रेता युग में भी भक्तों को और देवताओं को साधुओं को भगवान विष्णु के दर्शन होते रहे हैं। इन सभी कारणों से वादी ने अपनी धार्मिक भावनाएं बद्रीनाथ धाम से जुड़ा होना बताया है।
अधिवक्ता भदौरिया ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य का यह बयान कि बद्रीनाथ धाम को बौद्ध मठ को तोड़ने के बाद बनाया गया, ऐसा कहा जाना सनातन की धार्मिक भावनाओं में ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने अपने वाद में न्यायालय के समक्ष बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य के पास बयान देने का ना तो कोई अधिकार था और ना है। स्वामी प्रसाद मौर्य एक अधिवक्ता भी रहे हैं। इस संबंध में बद्रीनाथ धाम के बारे में सब कुछ जानने के बावजूद उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान भड़काऊ और सनातन धर्म के विरुद्ध है। इससे पूर्व में ही स्वामी प्रसाद मौर्य ने साधु-संतों को गेरुआ आतंकवादी बताया था। रामचरित मानस और सुंदरकांड के लिए भी उन्होंने पहले विवादित बयान दिया था। उन्होंने यही आरोप लगाकर अपना वाद सीजेएम कोर्ट में दायर किया है। इस वाद की सुनवाई के लिए सीजेएम संगीता आर्य की कोर्ट में 4 अगस्त की तारीख नियत की गई है।

### बरसाती नाले में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, पुलिस ने आठ लोगों का किया रेस्क्यू

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के जनपद नैनीताल में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश के से जनपद के अधिकतर नदी-नाले उफान पर हैं। रामनगर में बहने वाले बरसाती नाले को पार करते समय एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे लोगों को रेस्क्यू किया, जिसमें से तीन लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस के अनुसार रामनगर के ढिकुली क्षेत्र में बहने वाले बरसाती नाले को पार करते हुए बुधवार को एक टाटा सूमो वाहन संख्या यूके 01 टीए 3155 दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## चीला क्षेत्रान्तर्गत बीन नदी के तेज बहाव में फंसे बाइक सवारों को निकाला

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत बीन नदी में फसे बाइक सवारों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल दिया है। गुरुवार को एसडीआरएफ के प्रभारी कविंदर सजवाण ने बताया कि टीम पूर्व में लापता लोगों की सर्चिंग के लिए बीन नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। सर्चिंग के दौरान टीम ने देखा कि एक बाइक पर सवार 02 लोग बीन नदी के तेज बहाव में आकर नदी के बीच फंस गए हैं। इसपर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल नदी के बहाव के बीच फंसे युवक और युवती को रेस्क्यू कर नदी के पार कराया।

# बढ़ते महिला अपराधों को लेकर कांग्रेस ने जतायी नाराजगी, फूंका सरकार का पुतला

**आरोप**

**⏩ भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं के साथ दुराचार और अत्याचार किए जा रहे हैं**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में लगातार महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है और सरकार इसको रोकने में नाकाम हो रही है। इसको लेकर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी चमोली की ओर से चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के तिराहे पर भाजपा और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस के नगराध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट और ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की राज्य सरकार में लगातार महिलाओं के साथ दुराचार और अत्याचार किए जा रहे हैं। बीते दिन जनपद हरिद्वार में भाजपा नेता की ओर से एक महिला के साथ दुराचार किया गया है। देहरादून में सरकार की नाक के नीचे महिला की हत्या कर कूड़े में फेंका गया। इसी प्रकार देश में भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। इसको कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामयाबी को लेकर ही पार्टी ने भाजपा और भाजपा सरकार का पुतला दहन किया है। इस मौके पर नगराध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण, आनंद सिंह पंवार, अरविंद नेगी, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ऊषा रावत, दीवान बिष्ट, मनमोहन ओली, गोपाल रावत, जयवीर नेगी, पुष्कर सूरी, मदन लाल, प्रताप लाल, किशोरी लाल, राजी देवी, दिनेश लाल आदि शामिल थे।

# पुलिस गिरफ्त में आया नाबालिग का अपहरणकर्ता

**सकुशल बरामद**

**⏩पुलिस ने नाबालिग की बरामदगी के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया था।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
पुलिस ने नाबालिग की बरामदगी के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित निशांत पुत्र विशेष निवासी ग्राम कटारपुर लक्सर जिला हरिद्वार को क्षेत्र से गिरफ्तार कर नाबालिग अपहता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
गौरतलब है कि लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा महतौली लक्सर जिला हरिद्वार निवासी नितिन ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में आरोपित निशांत के खिलाफ कोतवाली लक्सर में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## हरियाणा पर उत्तराखंड में उबाल, विश्व हिन्दू परिषद ने फूंका पुतला

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को विश्व हिन्दू परिषद के एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भड़की हिंसा को लेकर आज विश्व हिन्दू परिषद के बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने कालाढूंगी रोड पर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए एक रैली निकाली। इसके बाद हीरा नगर चौराहे पर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और पुतला दहन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि जिस तरीके से हरियाणा के नूंह में हिन्दू परिषद के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी और पथराव हुआ है,

# कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य बने



**खुशी की लहर**

**⏩ कांग्रेस नेताओं ने गोदियाल को यह जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते खुशी जाहिर की है**

**देहरादून**
**टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने गोदियाल को यह जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते खुशी जाहिर की है।
कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी की गठित तीन सदस्यीय कमेटी में गौरव गोगोई अध्यक्ष बनाए गए हैं जबकि, गणेश गोदियाल के साथ अभिषेक दत्त को भी सदस्य बनाया गया है। गोदियाल को यह जिम्मेदारी पार्टी के प्रति निष्ठा का इनाम मिला है। इससे गोदियाल समर्थकों में भी खुशी की लहर है।
गोदियाल मूल रूप में पौड़ी जिले के बहेड़ी गांव पैठाणी इलाके के हैं। व्यक्तिगत जीवन में उन्होंने अपने संघर्षों से मेहनत कर यह सफलता प्राप्त की है ।
गोदियाल वर्ष 2002-2007 में पहली उत्तराखंड विधानसभा के लिए निर्वाचित किये गए थे। वे पैठाणी में राठ महाविद्यालय की स्थापना के दौरान चर्चित चेहरा बने। इसके बाद उन्होंने अपने आप को राजनीति में स्थापित करना शुरू किया। वर्ष 2007 में हुए विधानसभा चुनावों में गोदियाल निशंक के हाथों चुनाव हार गए।
वर्ष 2012 में राठ का रण छोड़कर निशंक डोईवाला चले गए। इसके बाद नए परिसीमन पर हुए चुनावों में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से गणेश गोदियाल ने भाजपा के डॉ. धन सिंह रावत को विधानसभा में शिकस्त दी। वर्ष 2017 और 2022 में डॉ. धन सिंह रावत से विधानसभा में चुनाव कड़ी टक्कर के बावजूद वे हार गए। गणेश गोदियाल बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके बाद 2021 जुलाई में उन्हें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली।

# दिव्यांग परीक्षण शिविर का सैकड़ों ने उठाया लाभ



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व शिक्षा मंत्री सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की ओर से आयोजित दो दिवसीय दिव्यांग निशुल्क परीक्षण शिविर आज बहादराबाद के विकासखंड कार्यालय में हुआ।
पहले दिन शिविर का आयोजन भगवानपुर के विकास खंड कार्यालय में हुआ था, जिसमें सैकड़ों दिव्यांगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। आज उसी कड़ी के दूसरे दिन में शिविर का आयोजन बहादराबाद में किया गया, जिसमे लोगों की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने इस मौके पर अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराया और जिनके पास दिव्यांग सर्टिफिकेट नहीं था, उन्होंने अपना सर्टिफिकेट भी बनवाया। इसके लिए डॉक्टरों की पूरी टीम कैंप में मौजूद रही।दो दिवसीय शिविरसांसद रमेश पोखरियाल निशंक के प्रयासों से इंडियन रेलवे फाइनेंस कोरपोरेसन, एलीमको और समाज कल्याण विभाग की मदद से आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने किया।इस दौरान भाजपा विधायक आदेश चौहान ने कहा कि इस कैंप से दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, सुनने के लिए कान की मशीन का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगों को कैंप लगाकर सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा सांसद रमेश पोखरियाल निशंक के प्रयासों से आज सैकड़ों दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान आई है, इससे दिव्यांगों की जिंदगी बेहतर होगी और इन्हें मदत मिलेगी।

# डीएम ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक, राजस्व वादों का शीघ्र हो निस्तारण

**बैठक**

**⏩इस दौरान बताया गया कि नियमित पुलिस के अन्तर्गत 694 तथा राजस्व पुलिस के अन्तर्गत 481 ग्राम है।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित राजस्व वादों, मुख्य एवं विविध देयों की वसूली, आपराधिक मामलों, सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन प्रकरणों एवं जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाई जाए।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने स्तर पर स्टाफ बैठक करते हुए मुख्य एवं विविध देयकों, लंबित वादों और अन्य लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और छह माह से अधिक लम्बित वादों का प्राथमिकता पर निस्तारित करें। विविध देयकों में बडे बकायेदारों से प्राथमिकता पर वसूली की जाए। अमीनों का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। आबकारी एवं खनन में राजस्व प्राप्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें। इस दौरान वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, आबकारी, परिवहन कर, वन, खनन, भू-राजस्व, रेवेन्यू पुलिस, फौजदारी, शमन आदि मामलों की गहन समीक्षा की गई।
जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से वितरित धनराशि के संबंध में शीघ्र उपयोगिता प्रमाण पत्र दें। इस संबंध में जो भी आवेदन आते है उनका खाता विवरण पहले से लिया जाए। पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाए। कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने से छह माह पहले ही उनके पेंशन संबंधी अभिलेखों को तैयार किया जाए। ताकि पेंशन संबंधी कोई भी मामला लंबित न हो। सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने में तेजी लाए और अन्य विभागों से सहयोग मांगे जाने पर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। तहसीलों में खाता खतौनी ऑपरेटरों के विगत कुछ महीनों से मानदेय का भुगतान न किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित एएलआरओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही इस मामले में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया।
इस दौरान बताया गया कि नियमित पुलिस के अन्तर्गत 694 तथा राजस्व पुलिस के अन्तर्गत 481 ग्राम है। जिसमें 65 ग्राम प्रहरी के पद रिक्त हैं। राजस्व क्षेत्रों में इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक घटित 18 एवं पूर्व में लंबित छह अपराधों सहित कुल 24 मामले दर्ज हैं, जिसमें से 17 नियमित पुलिस को हस्तांतरित, दो में आरोप पत्र और चार में प्रक्रिया चल रही है। नागरिक पुलिस क्षेत्रान्तर्गत हत्या, डकैती, बलात्कार आदि मामलों में 115 अपराध दर्ज हुए है। फौजदार के 120 मामलों में से 25 निस्तारित हो चुके हैं।तहसील स्तर पर चार सौ राजस्व वादों में से 132 का निस्तारण कर लिया गया है। मुख्य देयकों की शत प्रतिशत वसूली तथा विविध देयकों में 96.95 प्रतिशत वसूली की गई है।
बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी डॉ.अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम संतोष पाण्डे, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम रविन्द्र ज्वांठा आदि मौजूद थे।

## चोरी की एक्टिवा के साथ एक गिरफ्तार, छह अन्य दुपहिया वाहन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के छह अन्य दोपहिया वाहनों को बरामद किया है। पुलिस की घेराबंदी से बचकर एक अन्य भागने में कामयाब रहा। ज्वालापुर पुलिस के मुताबिक 26 जुलाई को कोतवाली क्षेत्र में एक एक्टिवा चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत कोतवाली ज्वालापुर में दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान रानीपुर झाल के पास से मौहम्मद नावेद को गिरफ्तार कर लिया।

G20
उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 125-DRM-MB-23-24 Dt. 03.08.2023 |
| कार्य का नाम | Track portion - Remodeling of Lakhan Station in Phase-2 under ADEN/HPU |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 24.08.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,86,78,665.12 |
| धरोहर राशि | 2,93,400.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| बिडिंग आरम्भ तिथि | 10.08.2023 |

टेंडर नं0 DEN-IV/Publication/125/23 दिनांक: 03.08.2023 2400/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

